डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 328 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 15 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



घर में नहीं था शौचालय, पत्नी ने तलाक के लिए प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था...

## लोक अदालत: कोर्ट में हुआ समझौता, दो महीने में बना लेंगे शौचालय

**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। इस दौरान पारिवारिक विवाद के 60 प्रकरणों का समाधान किया गया। इनमें एक मामला काफी अनोखा देखने को मिला। जहां कोर्ट ने पति को टॉयलेट बनवाने के निर्देश दिए तो पत्नी अपने घर लौटी। पारिवारिक विवाद के बाद एक साल से अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच कोर्ट की 18वीं खंडपीठ में समझौता हुआ। ससुराल में शौचालय बनवाने का वादा करने पर पति से नाराज पत्नी ससुराल में रहने को तैयार हो गई।

दरसल, मंदसौर की नसरीन का निकाह दाउदखेड़ी के जुवेद अहमद के साथ 2019 मे हुआ था। शादी के समय 51 हजार 786 रुपए की मेहर तय की गई थी। करीब ढाई साल बाद पारिवारिक विवाद में नसरीन मायके रहने लगी और पति, सास-ससुर और पांच नन्दों पर मारपीट करने और दहेज में 1 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज करवा दिया। परिवार न्यायालय में प्रकरण पहुंचा तो कोर्ट ने मध्यस्थता की इसमें पता चला कि नसरीन का पति संयुक्त परिवार में रहता है। जहां शौचालय नहीं होने से पत्नि नाराज थी।

### घर में शौचालय नहीं होने से नाराज थी पत्नी...

जुवेद की पांच बहने, एक भाई और माता पिता है। घर में शौचालय नहीं होने से परिवार के सभी लोगो को शौच के लिए 1 किलोमीटर दूर बाहर खुले में जाना पड़ता है। इससे पत्नी नाराज थी। कोर्ट में मध्यस्थता करवाते हुए जुवेद के पिता से घर मे शौचालय बनाने के लिए कहा। परिजनों ने कोर्ट में लिखित में आश्वासन दिया कि 2 महीने के भीतर घर मे शौचालय का निर्माण करवा लिया जाएगा। इसके बाद पत्नी नसरीन पति के साथ रहने को तैयार हो गई। दोनों ने कोर्ट रूम में एक दूसरे को माला पहनाई और मिठाई खिलाकर अपनी दूरियों को खत्म किया।

सिखों पर राहुल गांधी के बयान पर सुवासरा विधायक व पूर्व मंत्री हरदीपसिंह डंग का पलटवार...

# भारत में पगड़ी का पूरा सम्मान



कहा-राहुल मध्यप्रदेश में आए तो विरोध करेंगे

**भोपाल, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरे के दौरान सिख समुदाय की सुरक्षा को लेकर जो बयान दिया, उसपर मप्र की सुवासरा विधानसभा से बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री हरदीप सिंह डंग ने पलटवार किया है। डंग ने भोपाल में अपने सरकारी आवास पर मीडिया से चर्चा में राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताई। डंग ने कहा पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी बताएं कि उन्हें क्या देश में किसी ने पगड़ी, कड़ा पहनने से रोका है? श्री डंग ने कहा कि राहुल जब मध्यप्रदेश आएंगे तो उनका विरोध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो भारत को बदनाम करते हैं। उसी योजना के तहत सिख कौम के बारे में ऐसे अनर्गल बयान दिए है। जिसमें कहा गया है कि भारत में पगड़ी पहनने से, कड़ा पहनने से, कृपाण पहनने से डर लगता है। वे इस तरह की गलत जानकारी विदेश में जाकर अगर दे रहे हैं तो उसके पीछे क्या रीजन है? वहां के व्यक्तियों में गलत भावना पैदा करके, कहीं ना कहीं गलत जानकारी देकर भारत में अशांति फैलाना बंद करना चाहिए। श्री डंग ने कहा कि राहुल गांधी को ऐसे बयानों से बचना चाहिए। मेरा मानना है कि उन्हें माफी मांगना चाहिए, जिस प्रकार से 1984 के दंगे हुए। वह आपको बात याद रखना चाहिए। जगदीश टाइटलर आपकी पार्टी में हैं, उसका ध्यान रखना चाहिए।

श्री डंग ने कहा कि आज भारत की धरती पर जो पगड़ी का सम्मान है, वो हर व्यक्ति जानता है। पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी जी ने आज यह कहा है कि हम राहुल जी का समर्थन करते हैं तो मैं चन्नी जी से कहना चाहता हूं, वे अपने दिमाग मे छन्नी लगाएं। दिल को साफ-सुथरा करें और यह बताएं कि वे पगड़ी और कड़ा पहन के घूम रहे हैं या नहीं, गुरुद्वारे में जा रहे हैं तो किसी गांव में, किसी शहर में उनको मना किया है क्या? गलत जानकारी देकर राहुल गांधी भारत को बदनाम कर रहे हैं। पन्नू जैसा आतंकवादी संगठन का व्यक्ति अगर राहुल गांधी का समर्थन करता है तो उससे ज्यादा और क्या दुख की बात होगी? इसलिए हम उनके बयान की निंदा करते हैं। राहुल गांधी जब कभी एमपी आएंगे तो उनका विरोध किया जाएगा।

### अमेरिका में राहुल गांधी ने यह कहा था...

अमेरिका में एक कार्यक्रम में राहुल से भारत में सिखों की सुरक्षा पर सवाल किया गया। जिसके जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि भारत में, लड़ाई एक सिख व्यक्ति के लिए पगड़ी और कड़ा पहनने और मंदिर, गुरुद्वारे जाने की है। उन्होंने आरएसएस पर कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को दूसरों से कमतर मानने का भी आरोप लगाया। राहुल ने कहा, लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी। या वह एक सिख के रूप में गुरुद्वारे में जाने में सक्षम होगा। लड़ाई इसी बारे में है। ये सिर्फ उसके लिए नहीं, सभी धर्मों के लिए है।

## एक सप्ताह में तीन हजार रुपए चमकी चांदी

**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** देश में चांदी के भाव में एक बार फिर बढ़ोतरी हो रही है। एक सप्ताह में चांदी तीन हजार रुपए चमकी है। चांदी के भाव में सप्ताह की शुरुआत से ही तेजी जारी रही। शुक्रवार को भाव में 1300 रुपए प्रतिकिलो की तेजी आई और भाव 87 हजार रुपए प्रतिकिलो के करीब पहुंच गए। इस सप्ताह भाव में 3 हजार रुपए प्रतिकिलो की तेजी आई है। जबकि, सप्ताह की शुरुआत यानी सोमवार को भाव 83,900 रुपए प्रतिकिलो थे।



सराफा व्यापारियों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाव में तेजी से घरेलू बाजार में चांदी महंगी हो रही है। यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है। चांदी के सपोर्ट में सोना भी महंगा हो रहा है। एक सप्ताह में सोना 1 हजार रुपए प्रति दस ग्राम तक महंगा हुआ है। एक सप्ताह पहले सोना 73 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम बिक रहा था। अब भाव 74 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम हैं। जेवराती सोने के भाव 68 हजार 250 रुपए प्रति दस ग्राम रहे। हालांकि सोना अभी भी रिकॉर्ड भाव से एक हजार रुपए प्रति दस ग्राम सस्ता मिल रहा है। सोने के रिकॉर्ड भाव 75,500 रुपए प्रति दस ग्राम रह चुके हैं। ये भाव 20 अप्रैल को थे।



**जल झूलनी एकादशी**– डोल ग्यारस के अवसर पर शनिवार को शहर में भगवान के पालने के साथ विमान निकले। अलग-अलग मंदिरो से निकले विमान गांधी चौराहे पर एकत्रित हुए। जहां से चल समारोह शुरु हुआ। शिवना तट पर भगवान को स्नान कराकर नए कपड़े पहनाए गए। बाद में सभी विमान अपने-अपने मंदिरो को प्रस्थान हुए। जहां भगवान की आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## व्यापमं घोटाले के जरिए नौकरी में आए निलंबित 38 वनरक्षक बहाल

**भोपाल, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य सरकार ने बहुचर्चित व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) घोटाले के निलंबित 38 वनरक्षकों को बहाल कर दिया गया है। वन विभाग ने व्यापमं द्वारा आयोजित वनरक्षक भर्ती परीक्षा वर्ष 2012- 13 में अनियमितता होने पर चयनित वनरक्षकों को निलंबित किया था। अब उन्हें इस शर्त के साथ बहाल कर दिया है कि उनकी निलंबन अवधि का निराकरण कोर्ट के निर्णय आने पर लिया जाएगा।

बता दें कि व्यापमं घोटाले ने मध्य प्रदेश की सियासत में तूफान मचा दिया था। इसमें राजनेता, वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारी और व्यावसायी सब शामिल थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने अधिकारियों को रिश्वत देकर पेपर लिखने, परीक्षा हाल में बैठने की व्यवस्था में हेरफेर करने और जाली उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थित रूप से धोखेबाजों को नियुक्त किया था। इसके पहले जुलाई 2023 में व्यापमं कांड के कर्ताधर्ता रहे तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक पंकज त्रिवेदी सहित 17 आरोपितो को वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2013 मामले में बरी कर दिए गए थे। इस मामले की जांच कर रही सीबीआइ ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में अपनी क्लोजर रिपोर्ट भोपाल स्थित विशेष न्यायालय में प्रस्तुत की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

## जमीन विवाद में परिजनों पर ही बरसवाए लट्ठ, पांच घायल

गंभीर घायल एक युवक को मेडिकल कॉलेज रतलाम रेफर किया





**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। जमीन विवाद में एक युवक ने अपने ही परिजनों पर राजस्थान से बुलवाए लोगो से लट्ठ बरसवा दिए। इस मामले में दो महिलाओ सहित पांच लोग घायल हुए हैं। एक गंभीर घायल युवक विजेश को रतलाम मेडिकल कॉलेज रतलाम रेफर किया गया हैं। मामले में सुवासरा थाना पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध दिख रही हैं? पुलिस समय रहते कार्यवाही कर देती तो ऐसी स्थिति नहीं बनती।**

सुवासरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला महेश के प्रधान परिवार में जमीन विवाद चल रहा हैं।यहां सुरेश प्रधान का परिवार मजबूत स्थिति में हैं। जबकि, प्रभु प्रधान का परिवार कमजोर हैं। प्रभु के परिवारजनों ने कुछ दिन पहले ही पुलिस को आवेदन देकर ऐसी स्थिति बनने की आशंका जताई थी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से दूसरे पक्ष के हौसले बुलंद हो गए। उसने शनिवार शाम करीब 6 बजे राजस्थान से एक कार और पांच बाइक पर करीब 15 लोगो को बुलवाए और अपने ही परिवार के दूसरे पक्ष पर हमला करवा दिया। मार पिटाई खाने के बाद थाने पहुंचे ग्रामीणों की थाना प्रभारी द्वारा सुनवाई नहीं किये जाने के आरोप भी लगे हैं। मंदसौर के बड़े अस्पताल में मधु, वेदराज सहित चार घायलों का उपचार चल रहा हैं। खबर हैं की अब पुलिस हरकत में आई हैं। इधर ग्रामीणों द्वारा हमलावरो की तीन बाइक भी पकड़ने की सूचना हैं।



पुलिस की भूमिका संदिग्ध, ग्रामीणों ने पकड़ी हमलावरों की तीन बाइक

## उपचार के दौरान बालिका की मौत

परिजनों ने किया हंगामा, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**नीमच, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के मनासा रोड स्थित गुप्ता नर्सिंग होम में शनिवार को 14 वर्षीय बालिका की मौत के बाद हंगामा हो गया। दरअसल, बच्ची को पेट दर्द की शिकायत के बाद सुबह अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने चिकित्सकों और अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि गलत उपचार देने और ध्यान नहीं देने की वजह से बच्ची की मौत हुई है।

जावद थाना क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ी निवासी 14 वर्षीय रिंकू पिता मदनलाल बंजारा ने सुबह पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत की थी। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए पहले मोरवन ले गए। वहां से डॉक्टर ने नीमच ले जाने को कहा था। नीमच के मनासा रोड स्थित गुप्ता नर्सिंग होम में भर्ती .... शेष पेज 4 पर

स्कोर कार्ड जनरेट नहीं होने से अतिथि शिक्षक परेशान...

## विकल्प चयन का आज अंतिम दिन

**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के हजारों पद खाली हैं। स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जानी है। लेकिन, अतिथि शिक्षकों को नियुक्त करने की प्रक्रिया में लगातार देर हो रही है। स्थिति यह है कि स्कूल शिक्षा विभाग को बार-बार तारीख आगे बढ़ाना पड़ रही है। विकल्प चयन की तारीख फिर से बढ़ा दी गई है। क्योंकि, अतिथि शिक्षकों का स्कोर कार्ड जनरेट नहीं हो पा रहा है।**



लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने फिर से च्वाइस फिलिंग की तारीख बढ़ाकर 15 सितंबर तक कर दी है। उसकी भी आज आखिरी तारीख है। अधिकारियों का कहना है कि अतिथि शिक्षकों द्वारा पंजीयन की गई प्रोफाइल को अनलाक करने से उनके स्कोर कार्ड जनरेट नहीं हो रहे थे। इस कारण उनके द्वारा प्रस्तुत शिकायती आवेदनों के आधार पर उनकी योग्यता के दस्तावेजों का सत्यापन जीएफएमएस पोर्टल पर अनिवार्यत: पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी निर्देशित किया गया है कि आवेदकों के दस्तावेजों का समुचित परीक्षण बाद ही सत्यापन करें। सत्यापन में त्रुटि होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। आवेदकों के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों पर स्कूल का विकल्प चयन और संशोधन करने के लिए 15 सितंबर तक की वृद्धि की गई है। इस संबंध में डीपीआई ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## 30 नम्बर नकली बीड़ी के 70 पैकेट जप्त, एक गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** 30 नम्बर बीड़ी के 70 पैकेट के साथ एक युवक को पकड़ा। जानकारी के अनुसार शनिवार को भारत बीड़ी प्रालि मेंगलोर के चेकिंग ऑफिसर हरगोविंदसिंह राठौर ने महू नीमच हाइवे मीनाक्षी होटल के पास से मनासा निवासी मोसिन मंसूरी को 30 नम्बर नकली बीड़ी के साथ पकड़ा। युवक के कब्जे से 70 पैकेड जप्त हुए। जिसे पुलिस के सुपुर्द किया। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिपलियामंडी नगर सहित क्षेत्र में आए दिन नकली बीड़ी विक्रय की खबरें मिलती रही है, पहले भी नगर में नकली बीड़ी बेचने पर कार्रवाई हो चुकी है।



**अस्थाई अतिक्रमण हटाया**– त्यौहारो को देखते हुए शहर में यातायात पुलिस व नगरपालिका ने संयुक्त रूप से कार्यवाही की। भारत माता चौराहा से प्रतापगढ़ पुलिया व्यापारियो द्वारा किया गया अस्थाई अतिक्रमण हटाने की समझाईश दी गई। नहीं हटाने पर बलपूर्वक हटाया गया।

# गिफ्ट सिटी में खुलने वाले अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय यूजीसी और सरकार के सभी नियमों से रहेंगे मुक्त...

**मंदसौर/उज्जैन, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गुजरात के अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच हजारों एकड़ भूमि में विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए गिफ्ट सिटी घोषित की गई थी। यहां अब अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा केंद्र स्थापित होने जा रहा है। विदेशो में टैक्स फ्री हेवन सिटी की तरह गिफ्ट सिटी में ब्रिटेन के साउथएम्पटन विश्वविद्यालय ने अपनी दस्तक दे दी है। इसके स्थापित होने पर भारत के छात्रों को यही अंतरराष्ट्रीय स्तर की डिग्रियां मिल सकेगी। साथ ही दुनिया भर के विद्यार्थियों का गिफ्ट सिटी कैंपस में जमावड़ा भी होने लगेगा। गिफ्ट सिटी के विश्व विद्यालय में पढ़ने पर छात्रो को स्नातक होने में 30 प्रतिशत खर्च बच जाएगा।

दरअसल गिफ्ट सिटी की परियोजना तो विदेशी व्यवसाय जगत को प्रभावित करने की योजना के तहत बनाई गई थी। जिसमें सफलता न मिलने पर शैक्षणिक जगत को विशेष छूट देकर आमंत्रित किया जाने लगा। जिन देशों के विश्वविद्यालय को न्यौता गया है वह भी अब आने ही लगे हैं, पर अपनी शर्तो पर। सबसे पहले ब्रिटेन के साउथएंप्टन विश्वविद्यालय यहां प्रवेश कर चुका है। गिफ्ट सिटी में विश्वविद्यालय स्थापित करने वालों को अन्य राष्ट्रों के टैक्स फ्री हैवन की तरह सभी प्रकार की छूट मिलेगी। जैसी हांगकांग, सिंगापुर, दुबई, साइप्रस, मॉरीशस में पहले से मिलती आ रही है। साउथहैंपटन विश्वविद्यालय अगस्त 2025 तक 06 पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। शुरुआत में 5 हजार छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। समय अनुसार पांच-सात सालों में 30 से अधिक पाठ्यक्रम शुरू हो जाएंगे। यहां सभी राष्ट्रों के छात्रों को प्रवेश मिल सकेगा।



चन्द्रमोहन भगत

यह भी बताया जा रहा है कि यहां पढ़ने वाले छात्रों के कोर्स 60 प्रतिशत फीस लागत में ही पूरे हो जाएंगे। उदाहरण के तौर पर अगर किसी भारतीय छात्र को विदेश जाकर पढ़ने पर 10 लाख रुपए खर्च आता है तो गिफ्ट सिटी में उसके 06 लाख रुपए ही खर्च होंगे। भारतीय शिक्षण संस्थानों को भी विदेश में अपनी संस्थाएं स्थापित करने के अवसर मिले हुए हैं। इसी तर्ज पर भारत के आईआईटी, आईआईएम कुछ देशों में खुल चुके हैं।

भारतीय शिक्षा जगत से लेकर प्रशासन जगत में गिफ्ट सिटी में खुलने वाले विश्वविद्यालय को लेकर चर्चाओं ने स्थान पाना शुरू कर दिया है। विशेष कर इस बात के लिए की गिफ्ट सिटी में आने वाले विदेशी विश्वविद्यालय को भारत सरकार की संस्था यूजीसी तथा केंद्र सरकार के घोषित आरक्षण के नियम न मानने की छूट रहेगी। याने विकलांग, सामान्य पिछड़ा, निम्न आय वर्ग जैसे आरक्षण नियम यहां अमान्य रहेंगे। साथ ही इनके शिक्षा जगत में लगने वाला सारा स्टाफ भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का विदेश से भर्ती किया जा सकेगा। इसी तरह भारत के अलावा किसी भी देश के विद्यार्थी को वांछित योग्यता पर प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही इन विश्वविद्यालय में सिलेबस क्या होगा, कौन-कौन से विषय होंगे, समय क्या रहेगा, पाठ्यक्रम आदि सभी तय करने की विश्वविद्यालय प्रशासन को छूट मिलेगी।

ब्रिटेन के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के एक विश्वविद्यालय ने भी यहां अपना कैंपस खोल दिया है। जानकारों की माने तो अभी विदेशी विश्वविद्यालय पहले 4 ग्रेजुएट कोर्स शुरू कर रहे हैं, उसके बाद पीजी कोर्स शुरू किए जाएंगे, फिर यथा समय अंतराल में अंडर ग्रेजुएट कोर्स भी शुरू किए जाने वाले हैं। विदेशों के ख्याति प्राप्त विद्यालयों में पढ़ना तो हर छात्र का सपना होता है। किन्तु, गुजरात की गिफ्ट सिटी में 30-40 प्रतिशत कम खर्चे में अब यह शिक्षा भारतीय छात्रों को मिलने लगेगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा और वातावरण भी। गिफ्ट सिटी के विश्वविद्यालयों की उपयोगिता समझने वालों का अनुमान है कि एक दशक के अंतराल में गुजरात का गिफ्ट सिटी 6 लाख से अधिक छात्रों और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वाला शहर बन जाएगा।

# हिन्दी भारत के जन-जन की भाषा, देश का सम्मान बढ़ाया है हिन्दी ने

## हिन्दी दिवस पर मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा जागरूकता रैली निकाली




**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत का कोई प्रांत और स्थान ऐसा नहीं है जहां पर हिंदी भाषा को बोला और समझा ना जाता हो। शासकीय प्रक्रिया में हिंदी को राष्ट्रभाषा जब भी घोषित किया जाए ना किया जाए लेकिन भारत के जन-जन की भाषा है हिंदी। यह विचार म. प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व जिला प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने व्यक्त किए। आप मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के तत्वावधान में हिन्दी दिवस पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप निकाली गई हिंदी जागरूकता रैली के समापन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदी के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा आज यदि इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई का माध्यम हिंदी किया गया है और न्यायिक प्रक्रिया की भाषा को भी हिंदी में ही करने की पहल की जा रही है तो यह हम सब हिंदी प्रेमियों के संघर्ष का ही परिणाम है। पुरातत्व के विद्वान डॉ. कैलाश चंद्र पांडे ने कहा कि अंग्रेजी को महत्व दिए बिना भी राष्ट्र का विकास बहुत अच्छे से हो सकता है। 1970 के दशक में विद्यालयों में अंग्रेजी विषय के परीक्षा में आए हुए नंबरों को परीक्षा परिणाम के साथ नहीं जोड़ा जाता था। शासन की व्यवस्थाओं में हिंदी को सम्मान मिले या ना मिले किंतु इस देश में हिंदी को हमेशा सम्मान दिया है।

वरिष्ठपत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने कहा कि अभी हिंदी को उसका वास्तविक सम्मान दिलाने के लिए हमें अपना संघर्ष और जारी रखना है इस देश में हिंदी रक्त संचार की तरह है जैसे मनुष्य का शरीर बिना रक्त के नहीं चल सकता यह देश भी हिंदी के बिना नहीं चल सकता। हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के अध्यक्ष वेद मिश्रा ने कहा कि हमें अपनी आम बोलचाल की और सामान्य वार्तालाप की भाषा में हिंदी का ही उपयोग करना चाहिए हमारे देश का दुर्भाग्य है कि व्यक्तियों को लगता है कि जब तक वह अंग्रेजी नहीं सीखेगा या बोलेगा उसका वास्तविक सम्मान नहीं होगा।जबकि हिंदी ही हमें सम्मान दे सकती है। पत्रकार गायत्री प्रसाद शर्मा ने कहा कि शिक्षा की भाषा कैसी भी हो लेकिन सामान्य जीवन में हमें मातृभाषा के रूप में हिंदी को ही माध्यम बनाना है। शिक्षाविद श्री रमेश चंद्र चंद्रे ने कहा कि कोयल अपने स्वर में गाती है इसलिए वह स्वतंत्र है तोता दूसरों की भाषा बोलता है इसलिए वह पिंजरे में रहता है। नई पीढ़ी के भविष्य को हिंदी के साथ जोड़ा जाना चाहिए। हिंदी रोजगार की भाषा बने। लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल विद्यालय के प्राचार्य धर्मपाल सिंह देवड़ा ने कहा कि हम हिंदी भाषी क्षेत्र के लोगों को सबसे पहले हिन्दी को सम्मान देना चाहिए तभी पूरे देश में हिंदी को सम्मान मिलेगा। महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्राचार्य कैलाश चंद्र सोलंकी ने कहा कि हिंदी का उपयोग तो सब करते हैं लेकिन उतना ही सम्मान भी किया जाना चाहिए। लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने कहा कि हिंदी ही वह भाषा है जिसने हमारे संस्कार और संस्कृति को जीवित रखा हुआ है। यदि आज पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है तो उसके पीछे हिंदी भाषा ही है। वरिष्ठ कवि अभा हिन्दी साहित्य परिषद के जिला सचिव नंदकिशोर राठौर ने कहा कि हिंदी ही वह भाषा है जिसने साहित्य को इस देश की मुख्य विधा बनाया है। हिंदी के बिना हम भारत में किसी भी क्षेत्र में सफलता की कल्पना नहीं कर सकते हिंदी है तो ही देश है। योग गुरु बंशीलाल टांक ने कहा कि क्या वजह है कि हिंदी को अभी तक राष्ट्रभाषा का सम्मान संविधान में नहीं दिया है यदि कश्मीर से धारा 370 है सकती है तो देश में हिंदी राष्ट्रभाषा घोषित क्यों नहीं हो सकती। कवि श्री लाल बहादुर श्रीवास्तव ने इस अवसर पर हिंदी पर केंद्रित काव्य पाठ किया। हिंदी जागरूकता रैली के समापन अवसर पर शिक्षा एवं पर्यावरण विद डॉ. उर्मिला तोमर ने सभी उपस्थित जनों को हिन्दी भाषा के प्रति अपने सम्मान के भाव को प्रगट करते हुए शपथ दिलाई। रैली में प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष कैलाश जोशी म.प्र. हिन्दी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के सचिव जयेश नागर, समाजसेवी राजाराम तंवर, श्री मती ज्योति नवाल, गायत्री परिवार के पवन गुप्ता, भंवर सिंह, परसराम शर्मा, राजेंद्र तिवारी, अजीजुल्लाह खान खालिद, भारतीय शिक्षण मंडल के अध्यक्ष श्याम सुंदर देशमुख, अनुराग सक्सेना, पत्रकार शंभुसेन राठौर, सचिन जैन शिक्षिका साधना श्रीवास्तव, रेणुका आचार्य, कन्हैया लाल रायसिंगानी तथा विजय सिंह पुरावत के नेतृत्व में राष्ट्रीय सुरक्षा ( एनसीसी कैडेट ) छात्र सैनिक, विद्यार्थियों और हिंदी प्रेमी महानुभावों ने भाग लिया। संचालन दशपुर जागृति संगठन से संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम ने किया आभार अभा साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष नरेंद्र भावसार ने माना। रैली सरदार पटेल चौराहा से आरम्भ हो कर गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टेंड हो कर भारत माता चोराहा पर संपन्न हुई। महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय के बाहर रैली का विद्यालय परिवार और छात्राओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रैली में शामिल सभी हिंदी प्रेमियों ने अपने हाथों में हिन्दी भाषा को सम्मान देने के नारों की पट्टियां लिए हुए थी। सभी नारे लगाते रैली में चल रहे थे।



## हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत काव्यपाठ प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आज दिनांक 14 सितंबर 2024 को हिंदी दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

14 सितंबर 2024 के कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने विद्यार्थियों को हिंदी में पठन-पाठन में रुचि लेने एवं दैनिक जीवन में व्यवहार में लाने की प्रेरणा दी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. राजकपूर वर्मा ने विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी देते हुए स्वरचित कविता के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. जे. एल. आर्य ने भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं रोजगार मूलक हिंदी के बारे में बताया। हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ. जे.एल. आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दिनांक 0 5 सितंबर 2024 को हिंदी वर्तनी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान कुमारी मायावती बी. ए. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय स्थान प्रियंका राठौर बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। दिनांक 9 सितंबर 2024 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'विश्व पटल पर हिंदी की महत्ता' रखा गया। दिनांक 10 सितंबर 2024 को वर्तमान में हिंदी की संवैधानिक स्थिति पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम स्थान रोहित बी. ए. द्वितीय वर्ष तथा द्वितीय स्थान देवांशु नलवाया बी. ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। दिनांक 13 सितंबर 2024 को हिंदी व्याकरण एवं भारतीय संत परंपरा पर हिंदी भाषा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान अनिल प्रजापत बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा द्वितीय स्थान निकिता सेन बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। दिनांक 14 सितंबर को काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम स्थान हेमंत बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं द्वितीय स्थान मनीषा मनोहर लाल बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। डॉ. ज्योति डोसी द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया एवं आभार हिंदी की प्राध्यापिका डॉ. सीमा जैन ने प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहें।

## किसानों की समस्याओं व मांगों को लेकर कल भारतीय किसान संघ रैली निकालकर देगा ज्ञापन

**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश भारतीय किसान संघ के प्रदेश व्यापी आव्हान के तहत 16 सितंबर सोमवार को दोप. 1 बजे सुशासन भवन पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञापन के पूर्व बीकानेर स्वीट्स एस.पी. ऑफीस के सामने एकत्र होकर किसान रैली के रूप में सुशासन भवन पहुंचेगे।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीलाल पाटीदार देहरी, जिला मंत्री राधेश्याम ठन्ना फतेहगढ़, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश कुमार जाट ने बताया कि यह रैली व ज्ञापन किसान संघ किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों जिनमें प्रमुख रूप से सोयाबीन का भाव 6 हजार रू. क्विंटल हो या सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में सोयाबीन खरीदी जाती है तो उस पर 1200 रू. क्विंटल का अनुदान दिया जावे। वर्तमान में चीन से लहसुन जो भारत में आयात हो रही है उससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है, बाजार में निरंतर लहसुन के भाव गिरते जा रहे है इसे तत्काल प्रतिबंधित किया जावे। सोयाबीन की फसल अफलन व पीला मोजक रोग से फसल में भारी नुकसान हुआ इसे राजस्व स्तर पर सर्वे कराया जावे व मुआवजा व बीमा की पात्रता दिलाई जावे। आयात निर्यात नीति खेती के अनुयायी बनाई जावे। फसल आने के पूर्व आयात पर प्रतिबंध लगाया जावे। भारतीय गौवंश को बढ़ावा देने हेतु पालक किसान को प्रति गाय (अनुदान) प्रोत्साहन राशि दी जाये। देशी गाय का दूध गुणवत्ता के आधार पर 100 रू. प्रति लीटर खरीदा जाये। भारतीय किसान संघ ने सभी किसान भाईयों से निवेदन किया है कि सुशासन भवन रोड़ स्थित बिकानेर स्वीट्स के पास एकत्रित होकर रैली व ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनावे।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता सम्पन्न



**मनासा, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के कुशवाह मोहल्ले में 24वर्षो से अनवरत कुशवाह सिद्धि विनायक उत्सव समिति इस वर्ष भी पूरे उत्साह केसाथ गणपति स्थापना केसाथ सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहे है। शुक्रवार को समिति द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष रामधन विजयवर्गीय ,सह सचिव दिलीप बोराना,सदस्य मनीष जोलान्या सहित राजू कुशवाह समाजसेवी, संदीप चौधरी , श्याम तोमर समाजसेवी उपस्थित थे ।अतिथियों द्वारा आराध्य की पूजा अर्चना के साथ आरती की गई। अतिथियों का स्वागत कुशवाह सिद्धिविनायक समिति के सदस्य अध्यक्ष किशन, उपाध्यक्ष किशन (विजय) ,,सचिव रोहित,, सहसचिव विनोद कोषाध्यक्ष मानसिंह संदीप कार्यकर्ता का स्वागत आदि सदस्यो ने किया।

## ज्ञानोदय कॉलेज में हिंदी दिवस का आयोजन



**मनासा, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज दिनांक 14 सितम्बर ज्ञानोदय इंस्टीट्यूट मनासा में 'हिंदी दिवस' के अवसर पर 'काव्य पाठ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञानोदय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पंकज तिवारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मां सरस्वती एवम मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया, कार्यक्रम में आयटीआय बीएड एवम बीएबीएड के नव प्रवेशित एवम द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं विजय नागदा, पवन गिरी, बनिता कुंवर, प्रिया शर्मा, कपिल नागदा, सुमित नागदा आदि ने हिंदी के महत्व एवम हिंदी भाषा देश की शान के सम्बंध में अपनी अपनी कविता एवम पंक्तियां प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए, काव्य पाठ के माध्यम से हिंदी का महत्व समझाया। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## हिंदी शब्द की उत्पत्ति मूलत: संस्कृत के सिंध शब्द से हुई–गेहलोत

**पिपलियामंडी, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपलियापंथ में साहित्यकार भगवतीप्रसाद गेहलोत व प्रधानाध्यापक कालूराम डिंडोर के आतिथ्य में हिंदी दिवस मनाया। शुभारंभ में सरस्वती वंदना अमिषा व हेमलता ने प्रस्तुत की। नाराजी, वर्षा ने स्काउट गीत, कंचन, प्राची, अर्पिता, वर्षा, पूजा, रवीना व गौरवसिंह ने गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गेहलोत ने हिन्दी से जुड़े इतिहास व रोचक तथ्य बताते हुए कहा हिन्दी शब्द की उत्पत्ति मूलत: संस्कृत भाषा के शब्द सिंध से हुई है, जिसका अर्थ है सिन्धु नदी की भूमि या सिंधू नदी के आसपास का क्षेत्र। सिंध शब्द का ईरानी व फारसी में हिंद उच्चारण किया जाता था, आगे चलकर सिंध यानी हिंद क्षेत्र के आसपास बोली जाने वाली भाषा को हिंदवी या हिंदी कहा जाने लगा। संदीप जैन ने श्रुत लेखन व हिंदी आधारित बुद्धि परीक्षण - विपरीत युग्म शब्द प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें प्रथम कंचन कुंवर, द्वितीय प्राचीकुंवर, तृतीय रुद्रप्रताप, कनिष्का, अंश रहे। इस अवसर पर शिक्षक विभा जैन, विमला पंवार, संजय जैन, ममता वाघेला व डाइट प्रशिक्षणार्थी भी उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक अनिल धनोतिया ने किया।

## कन्या महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर रायजादा ने बताया कि महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रायजादा ने कहा कि माँ, मातृभूमि, मातृभाषा का सम्मान हमेशा करना चाहिए। हिन्दी का महत्त्व कम करने के लिए अंग्रेजों, ने गुरुकुलों की पद्धति को समाप्त किया। हिन्दी का महत्त्व बताते हुए उन्होंने आज के तकनीकि युग में सभी क्षेत्रों मे हिन्दी का उपयोग बढ रहा है।इस अवसर पर, तमन्ना शर्मा, अरुणा धाकड, रविना मौर्य आयुषी चौहान, रेश्मा मोमिन, अनिता राठौड़, वर्षा परिहार यो डांगी ने कविता, दोहे और अपने विचार व्यक्त किये। हिन्दी परववाड़ा के तहत काव्य पाठ और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काव्य पाठ मे कु साक्षी चंद्रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथानिबंध प्रतियोगिता में सुशिला सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजलि जैन ने किया। इस अवसर छात्राओं और महाविद्यालयीन स्टॉफ ने सहभागिता दी।महाविद्यालय में आज स्वच्छता पखवाड़े का भी शुभारंभ किया गया। शुभारंभ में 14 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाऐंगा। इसके अन्तर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता की जानकारी पखवाड़ा प्रभारी डॉ. राजश्री ठाकुर ने दी।

## बोहरा समाज ने मनाया ईद मिलादुन्नबी पर्व

**पिपलियामंडी, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में बोहरा समाजजन ने ईद मिलाद उन नबी का त्योहार मनाया। प्रात: बायपास रोड़ स्थित मस्जिद पर विशेष नमाज अता की। नमाज के बाद अमन शांति व चेन भाईचारे की दुआ की। स्काउट कमांडर अब्बासभाई प्रिंस के निर्देश पर नीमच से ईजी स्काउट बैंड की धुनों पर कलाकार कदमताल मिलाते चल रहे थे, मुल्ला ताहेरभाई अब्देअली की अगुवाई में बोहरा जमात के सदस्यों ने जुलूस निकाला, जो नगर के गांधी चौराहा, मनासा मार्ग होकर पुन: मस्जिद पहुंचा। बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे

## पीएमश्री स्कूल एवं सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण



**मनासा, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के उपसंचालक डॉ.महेश जैन, सहायक संचालक श्री नीरज सक्सेना एवं सहायक संचालक श्री हेमंत शर्मा ने शनिवार को मनासा में सीएम राइज स्कूल तथा पीएमश्री स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सीएम राइज के नव निर्मित भवन का निर्माण कार्य तथा उसमें आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही शैक्षणिक व्यवस्था को भी परखा। पीएम श्री विद्यालय मनासा में आईसीटी लेब डिजिटल लाइब्रेरी तथा वोकेशनल लैब का निरीक्षण किया। लैब में बच्चों के अध्यापन के स्तर को जांचा। यहां बाला फीचर, ग्रीन स्कूल संबंधी कार्यों को भी देखा। दोनों विद्यालयों में अध्यापन व्यवस्था संतोषप्रद पाई गई। भोपाल के इस दल ने जिले में शैक्षिक गुणवत्ता व विद्यालयों के संचालन की प्रशंसा की। निरीक्षण दल के साथ एडीपीसी श्री प्रलय कुमार उपाध्याय भी उपस्थित थे।

## विधायक की उपस्तिथि में छात्रों ने की एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण



**मंदसौर, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दलोदा महाविद्यालय में कांग्रेस पार्टी की रीति नीति व क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक के व्यक्तित्व से प्रभावित हो कर आज कई छात्रों ने एनएसयूंआई की सदस्यता ग्रहण करी। विधायक विपिन जैन ने सभी छात्रों को माला पहना कर एनएसयूआई छात्र संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई व सभी को बधाई शुभकामनाएं दी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में संदीप बामनिया, जुगल पटेल, अभिषेक माली, रोहित परिहार इस अवसर पर विधायक विपिन जैन जिला काग्रेस प्रवक्ता राजनरायण लाड़, दीपक भंडारी, विधायक प्रतिनिधि कपिल सेन, दलौदा महाविद्यालय परिसर अध्यक्ष विकास चौधरी, उपाध्यक्ष अजय व्यास, आदर्श जोशी, हरीश पाटीदार, दुर्गाशंकर धाकड़, यश श्रीवास्तव, कृष्णपाल सिंह आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

दिनांक 15 सितम्बर 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे–
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

क्या आप जानते है...?



✻ यदि आपको कोई अस्थिर रोग हैं तो भोजन करते समय अपनी भोजन की थाली में से एक चौथाई हिस्सा गाय एवं एक चौथाई हिस्सा श्वान के लिए अवश्य निकाले (वैद्य उपचार के साथ) इससे रोग मुक्ति मे निश्चय ही शीघ्र लाभ मिलता हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## परिजनों द्वारा बेवा को प्रताड़ित कर जमीन हड़पने का प्रयास

### पीड़िता ने की क्षेत्रीय थाने पर शिकायत, कार्यवाही से असंतुष्ट हो कर पहुंची जिला मुख्यालय




**मनासा, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 12 सितंबर 2024 को नीमच जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक घटना पर कहेनुसार कार्रवाई नहीं होने एवं सही से शिकायत न लिखने की शिकायत आई है। जिसमें मनासा तहसील के रामपुरा थाना क्षेत्र के गांव बाक्या खेड़ा की है। जहां से माया बाई बेवा स्वर्गीय पति बाबूलाल गरासिया बंजारा समाज की महिला द्वारा न्याय की गुहार के लिए अपनी शिकायत आवेदन में यह बताया कि उसके पति बाबू गरासिया की मृत्यु लगभग 8 वर्ष पूर्व हो गई है एवं उसके जो हिस्से की पैतृक संपत्ति जो उनके परिवार का लालन पालन और भरण पोषण का एक मात्र शोत्र है । वही उससे हथियाने का प्रयास स्वर्गीय पति बाबूलाल गरासिया के बडे भाई चतरा गरासिया के तीनों पुत्र बादर गरासिया , मदन गरासिया , शांतिलाल गरासिया , द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है आए दिन निराधार कारणों को लेकर विवाद करना उनकी आदतों में शामिल हैं जिससे वह गांव एवं पैतृक संपत्ति को छोड़कर वहां से चली जाए। जब तीनों अपने मंसूबे में कामयाब नहीं होते हैं तब अपनी चाची के साथ वह हरकत कर देते हैं जिसके मानव जाति शर्मसार हो जाती हैं। इन्ही कारणों के चलते मजबूरन अपने ही परिवार के विरुद्ध शिकायत करना उचित लगा और अब वह न्याय की मांग को लेकर भटकना पड़ रहा है। घटना 9 सितंबर 2024 की सुबह 10 बजे है जहां पर निर्वस्त्र नहाते हुए अपनी ही मां समान चाची माया बाई के पास आरोपी मदन गरासिया , बादर गरासिया , एवं शांतिलाल गरासिया पहुंचते हैं निर्वस्त्र को निहारते हुए अश्लील गाली गलौज एवं हरकतें करते है एवं संपत्ति एवं गांव छोड़ जाने का दबाव बनाते हैं एवं गलत इरादे से शरीर का स्पर्श करते हैं। जब माया बाई की पुत्री द्वारा शोर मचाया जाता है एवं आसपास के व्यक्ति एकत्रित होते हैं। तब आरोपीगण धमकियां देकर निकल जाते हैं । जिसकी शिकायत माया बाई द्वारा क्षेत्र थाना रामपुरा में की जाना बताया है। जहां पर उसके वीडियो बयान भी लिए गए किंतु कार्रवाई से असंतुष्ट माया बाई ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत आवेदन में यह बताया कि जिस प्रकार से मेरे साथ घटना क्रम हुआ है उस आधार पर क्षेत्रीय थाने पर मेरी शिकायत दर्ज नहीं की गई एवं कार्रवाई नहीं हुई इसपर संबंधित उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लेकर माया बाई ने नीमच जिला मुख्यालय पहुंचकर अपना शिकायत आवेदन प्रस्तुत कर आगामी अप्रिय घटना घटित होने की आशंका जताई है। वह ना हो यह उम्मीद से उच्चाधिकारियों से न्याय की मांग की है।

**✻✻✻✻ सफलता की कहानी ✻✻✻✻**

## नंदन फलोउद्यान योजना का लाभ लेकर किसान भोनीशंकर ने लगाया अमरूद का बगीचा



**नीमच, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले की मनासा विकासखण्ड के ग्राम नलखेड़ा के किसान श्री भोनीशंकर शर्मा ने नन्दन फलोउद्यान योजना का लाभ लेकर खेती को लाभ का धन्धा बना लिया है। पहले वे पारम्परिक रूप से खेती करते थे। जिससे उन्हे लागत के अनुपात में मुनाफा नही मिल पा रहा था। इसी बीच उन्हे नंदन फलोउद्यान योजना के बारे में जानकारी मिली।

उन्होंने म.न.रेगा के तहत नंदन फलोउद्यान योजना का लाभ लिया और अपने खेत पर अमरूद के 250 पौधे लगाये। नंदन फलोउद्यान के कार्य में उन्हे 508 रोजगार दिवस की मजदूरी का भुगतान भी मिला। नंदन फलोउद्यान के तहत लगाए गये 250 अमरूद के पौधे से अब अच्छा उत्पादन होने लगा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।किसान श्री भोनीशंकर का कहना है कि अब उनका पूरा परिवार अपने ही खेत पर काम कर अच्छे से जीवन यापन कर पा रहा है। अब उन्हे दूसरों के खेतों पर मजदूरी के लिए नही जाना पड़ रहा है। अमरूद की खेती के साथ ही वे अन्य फसलों का उत्पादन भी कर रहे है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इस तरह किसान श्री भोनीशंकर शर्मा ने नंदन फलोउद्यान योजना के तहत अमरूद की खेती कर कृषि को लाभ का धन्धा बना लिया है। किसान श्री भोनीशंकर शर्मा किसान हितैंषी योजनाओं के संचालन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को धन्यवाद दे रहे है।

## गैंदा फूलों की खेती कर लाभ कमा रहे है किसान घीसालाल



**नीमच, 14 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले की जावद विकासखण्डय के ग्राम मोड़ी के किसान घीसालाल पिता नाथूलाल ने परम्पारागत खेती की बजाय उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में फूलों की खेती कर, खेती को लाभ का धन्धा बना लिया है। किसान घीसालाल ने 0.50 हैक्टर में गैंदा फूलों की खेती करना प्रारंभ किया और 35 हजार रूपए का खर्च हुए। गैंदा फूल 40से 50 रूपये किलों के भाव से बिक रहे है। इससे घीसालाल को अच्छीज आय प्राप्ती हो रही है, गैंदा फूलों की खेती से घीसालाल को कुल एक लाख रूपए की आय प्राप्् होने की संभावना है। खर्च निकालकर उसे शुद्ध 65 हजार रूपये की आय होगी। इस तरह घीसालाल ने परम्पेरागत खेती की बजाय उन्नतत तकनीकी से गैंदा फूलों की खेती कर खेती को लाभ का धन्धाप बना लिया है। वह उद्यानिकी विभाग व म.प्र. सरकार को धन्यवाद दे रहा है।

